### एक नजर में

## स्नातक परीक्षाएं में रही 99 प्रतिशत उपस्थिति

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार, 29 अप्रैल से सफलतापूर्वक प्रारंभ हो गई हैं। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया और तीनों जिलों में लगभग 99 प्रतिशत परीक्षार्थी शामिल हुए।

विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर जिलों में कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर स्नातक स्तर के लगभग 32,000 परीक्षार्थी अपनी वार्षिक परीक्षाएं दे रहे हैं। बुधवार को सुबह और दोपहर, दोनों पालियों में शांतिपूर्ण तरीके से पेपर संपन्न हुए। इसके लिए विश्वविद्यालय का उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वाड) गठित किया गया है, जो विभिन्न केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर रहा है। पहले दिन उड़नदस्ते ने कई केंद्रों का जायजा लिया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। कुल दर्ज परीक्षार्थियों में से 99 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे।

## जादू-टोने का विरोध करने पर खूनी संघर्ष

**गुना।** कैंट थाना अंतर्गत सिंगवासा गांव में तंत्र-मंत्र और जादू-टोने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनके ही चचेरे भाइयों ने घर के दरवाजे पर तांत्रिक क्रिया करने से रोकने पर पूरे परिवार पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में पिता और उनके दो बेटों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला अस्पताल में इलाज करवा रहे जितेंद्र प्रजापति ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे की है। उनके चाचा के लड़के उनके घर के मुख्य दरवाजे पर कुछ तांत्रिक क्रिया कर रहे थे। जब जितेंद्र के पिता और परिवार ने इस पर आपत्ति जताई और उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपी पक्ष भड़क गया। देखते ही देखते 6 से ज्यादा लोग लामबंद होकर आए और गाली-गलौज करते हुए परिवार पर हमला बोल दिया।



## अवैध मुरम परिवहन पर खनिज विभाग का शिकंजा, राजस्थान पासिंग डंपर जब्त

नवभारत न्यूज

**गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश अनुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की मुहिम लगातार जारी है। अवैध मादक पदार्थों और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के बीच अब खनिज माफियाओं पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है।**

बुधवार को खनिज विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान विनायकखेड़ी (हड्डी मिल के पास) में एक डंपर को रोका गया। जांच के दौरान डंपर में खनिज मुर्रम का परिवहन किया जा रहा था। जब रॉयल्टी के कागजों की जांच की गई, तो वाहन में मुर्रम की मात्रा उल्लेखित रॉयल्टी से कहीं अधिक पाई गई। अवैध परिवहन पाए जाने पर खनिज अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डंपर को मौके पर ही जब्त कर लिया। उक्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से बजरंगगढ़ थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों और उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस छापामार कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का पूरा अमला और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि जिले में अवैध खनन और रॉयल्टी चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिले में कागजों में 63 गौशाला, ज्यादातर खाली

## खाली गौशालाओं का डकार रहे बजट और सड़कों पर बिछ रहीं लाशें

नवभारत न्यूज

**गुना 29 अप्रैल का। सरकार गौ-वंश के संरक्षण के लिए बजट बढ़ा रही है, तो दूसरी ओर जमीनी हकीकत रूह कपाने वाली है। जिले में गौशालाओं के नाम पर चल रहा 'कागजी खेल' और सड़कों पर बेसहारा घूमता गौ-वंश अब इंसानी जानों का दुश्मन बन गया है। साथ ही गौशाला में गायों की दुर्दशा भी अब सामने आने लगी है।**

सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे की असली वजह कुंभराज तहसील के ग्राम बांसाहेड़ा में देखने को मिलती है। यहाँ महादेव घाटी स्थित सरकारी गौशाला पिछले दो महीनों से पूरी तरह खाली पड़ी है, लेकिन कागजों पर गायों के नाम पर सरकारी फंड निकाला जा रहा है। गौसेवक हेमराज सिंह राजपूत ने कलेक्टर को सौंपे शिकायती पत्र में सनसनीखेज आरोप लगाए हैं कि संचालन करने वाला समूह प्रति गाय 40 रुपये के हिसाब से फर्जी बिल लगाकर सरकारी राशि डकार रहा है। विडंबना यह है कि गौशाला खाली है और बाहर सड़कों पर आवारा मवेशी मौत बनकर घूम रहे हैं। जब जागरूक नागरिकों ने इसकी शिकायत 181 पर की, तो उन पर दबाव बनाकर शिकायत वापस लेने को मजबूर किया गया। गुना जिले में संचालित दर्जनों गौशालाओं की जमीनी हकीकत क्या है, इसकी एक झलक तब दिखाई दी थी कि अधिकारियों के निरीक्षण के बाद कई जनपद पंचायत सीईओ को नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन इसके बाद भी हालात नहीं सुधरे। गुना जिले में गायों को लेकर कई बड़ी दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बाद गौशालाओं का नियमित भौतिक परीक्षण नहीं किया जा रहा है।



**63 गौशालाएं फिर भी सड़कों पर मौत**

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार जिले में 45 सरकारी और 18 निजी गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें लगभग 6000 गौ-वंश का पालन हो रहा है। लेकिन सड़कों पर घूम रहे हजारों मवेशियों के लिए प्रशासन के पास कोई 'मास्टर प्लान' नहीं है। सरकार ने गौ-वंश के भरण-पोषण की राशि बढ़ाई, लेकिन ग्रामीण अंचलों में निगरानी न होने से यह पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। मवेशी न केवल हाइवे पर हादसों का कारण बन रहे हैं, बल्कि किसानों की फसलों और भूसे को भी भारी नुकसान पहुँचा रहे हैं।

### ढाबा संचालकों का तर्क

नेशनल हाइवे पर ढाबा चलाने वालों का कहना है कि अधिकांश दुर्घटनाएं मवेशियों को बचाने के फेर में होती हैं। जब तक पंचायतों को अलग बजट देकर स्थानीय स्तर पर मवेशियों को शिफ्ट नहीं किया जाएगा, तब तक मौत का यह सिलसिला नहीं थमेगा। बांसाहेड़ा जैसी घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि यदि गौशालाओं का भौतिक सत्यापन ईमानदारी से किया जाए, तो भ्रष्टाचार की एक बड़ी परत खुल सकती है। सड़कों पर घूम रही गायें इस बात का सबूत हैं कि गौशालाओं का संचालन केवल कागजों पर हो रहा है। प्रशासन को चाहिए कि वह फर्जी बिलों के माध्यम से निकाले गए फंड की वसूली करे और जिम्मेदार समूहों पर कड़ी कार्रवाई करे, ताकि मासूम जिंदगियां और बेसहारा गौ-वंश दोनों सुरक्षित रह सकें।

## खरीदी केंद्रों पर लापरवाही पर सर्वेयर की गई नौकरी

**गुना।** समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर राघौगढ़ क्षेत्र में कार्यरत एक सर्वेयर को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है, वहीं दो अन्य खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को अव्यवस्थाओं के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि राम वेयरहाउस (रामनगर, राधौगढ) पर कार्यरत आउटसोर्स सर्वेयर मिथुन मीना द्वारा किसानों से तय मात्रा से अधिक सैंपल लेने की अनियमितता की जा रही थी। शिकायतों की पुष्टि होने पर सर्वेयर को सेवा से पृथक करने के आदेश जारी किए गए हैं। जांच और निरीक्षण के दौरान अन्य केंद्रों पर भी खामियां पाई गई हैं। स्टॉकअप वेयरहाउस, कॉलोनी: सहकारिता विस्तार अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बमोरी द्वारा किए गए निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर खरीदी प्रभारी औसाफ खान को नोटिस जारी किया गया है। मां पीताम्बरा वेयरहाउस, डुंगासरा पर तहसीलदार और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में व्यवस्थाएं ठीक नहीं पाई गईं। इसके लिए खरीदी प्रभारी सोनिया रघुवंशी और सहायक प्रभारी लहरीसिंह को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उपार्जन कार्य शासन की उच्च प्राथमिकता में शामिल है और किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तालाब से निकाला 20 कट्टा कचरा, जल संरक्षण की शपथ

**गुना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक गुना द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के ग्राम माना में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकताओं और छात्रों ने मिलकर स्थानीय तालाब की सूरत बदलने का प्रयास किया। टीम ने तालाब से लगभग 20 कट्टे कचरा एकत्रित कर उसे सुरक्षित स्थान पर नष्ट करने के लिए पहुँचाया। श्रमदान के दौरान ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल ने उपस्थित लोगों को जल के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जल को मनुष्य बना नहीं सकता, इसे केवल संरक्षित किया जा सकता है।

## अस्पताल में तंबाकू खाने वाले 19 लोगों पर 21 हजार का जुर्माना

**गुना। जिला चिकित्सालय को स्वच्छ और तंबाकू मुक्त परिसर बनाने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में बुधवार को अस्पताल परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान तंबाकू और धूम्रपान का सेवन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई।**

कार्रवाई के दौरान अस्पताल परिसर में तंबाकू का सेवन करते पाए गए 19 लोगों पर कुल 2,100 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।



पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने न केवल आर्थिक दंड दिया, बल्कि इन सभी लोगों को टी.सी.सी. सेंटर (तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र) में रेफर भी किया गया, ताकि उन्हें इस जानलेवा लत को छोड़ने के लिए उचित परामर्श और राह दिखाई जा सके। निरीक्षण के दौरान राज्य स्तर से आए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उपसंचालक डॉ. राहुल भदौरिया ने जिले में चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को पूर्णत: तंबाकू मुक्त रखना स्वास्थ्य और स्वच्छता दोनों दृष्टि से अनिवार्य है। इस अभियान को सफल बनाने में तंबाकू नियंत्रण नोडल ऑफिसर विनीता सोनी, हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. सूरज सिंह, इमरती वर्मा, मुरारी लाल, जयवीर रघुवंशी, शैलेंद्र सिंह, रेखा शर्मा, सादिक खान, विवेक और मोनू जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह का औचक निरीक्षण जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लापता युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

नवभारत न्यूज

**गुना। चांचौड़ा क्षेत्र के ग्राम गेहूंखेड़ी से लापता हुए एक 40 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान मनोज पुत्र श्रीकिशन मीना के रूप में हुई है। परिजनों ने मनोज की हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है, वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

परिजनों के मुताबिक मनोज मीना मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे से लापता था। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो उसका बेटा उसे ढूंढने निकला। इसी दौरान खेड़ी की पठार क्षेत्र में स्थित एक व्यावसायिक परिसर में मनोज मृत अवस्था में पाया गया।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, मोबाइल से डेटा गायब

परिजनों का यह भी दावा है कि मनोज की मौत सामान्य नहीं है। शव को देखने पर उसके पेट में चोट के निशान मिले हैं और मुंह से खून बह रहा था।

विजय मीना ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि मनोज के मोबाइल से कई महत्वपूर्ण नंबर डिलीट पाए गए हैं, जिससे संदेह गहरा गया है कि उसकी हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश की गई है। घटनास्थल पर शव मिलने की स्थिति भी काफी अजीब थी। परिजनों के अनुसार, शव ऐसी अवस्था में मिला मानो वह वहां आराम से बैठा हो। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को यहां लाकर ठिकाने लगा दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है।

अधिकारियों का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि पुलिस निष्पक्षता से जांच करे और मोबाइल डेटा रिकवर किया जाए, तो आरोपियों का चेहरा बेनकाब हो सकता है। फिलहाल, पुलिस संदेहियों और कॉल डिटेल के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है।

## दादा-पोते को आइसक्रीम वाहन ने मारी जोरदार टक्कर



नवभारत न्यूज

**गुना। शहर के सदर बाजार क्षेत्र में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार आइसक्रीम वाहन ने एक्टिवा सवार दादा-पोते को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें टक्कर की भयावहता साफ देखी जा सकती है।**

जानकारी के अनुसार, राजेश शर्मा अपनी हनुमान कॉलोनी स्थित होटल से काम निपटाकर रात करीब 10:30 बजे स्कूटी से सदर बाजार स्थित अपने घर की ओर जा रहे थे। स्कूटी पर उनका दो वर्षीय पोता शौर्य भी साथ बैठा था। जैसे ही वे तेल घानी स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास पहुंचे, तभी एक अनियंत्रित आइसक्रीम वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि आइसक्रीम वाहन काफी गति में था, जिसने स्कूटी को सीधी टक्कर मारी। इस भिड़ंत में राजेश शर्मा को गंभीर चोटें आई हैं, वहीं मासूम शौर्य भी घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाले वाहन को जब्त कर लिया है, हालांकि ड्राइवर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## छतरपुर में प्रतिभा दिखाएंगे गुना के सात लोकसेवक

**गुना।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर के निर्देशानुसार आयोजित 12वीं स्टेट एजुकेशन डिपार्टमेंटल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025-26 के लिए गुना संभाग का चयन कर लिया गया है। टेबल टेनिस और बैडमिंटन की संभागीय स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गुना जिले के सात चयनित लोकसेवक अब छतरपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 1 मई से 3 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। टेबल टेनिस के 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रदर्शन करेंगी।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन से गुम हुई मासूम को एक घंटे में खोज निकाला



**गुना।** पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। जामनेर में आयोजित एक सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान भीड़भाड़ के बीच गुम हुई ढाई वर्षीय अबोध बालिका को पुलिस ने मात्र एक घंटे के भीतर सकुशल खोज निकालकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

बीती रात जामनेर में माली/सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन चल रहा था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। इसी दौरान एक परिवार की ढाई वर्षीय बालिका अचानक कहीं ओझल हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब बच्ची का कुछ पता नहीं चला, तो उन्होंने तत्काल वहां तैनात पुलिस टीम को सूचना दी। मामले की गंभीरता और रात के समय को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनोज कुमार मेहरा ने तुरंत टीम गठित की। पुलिस ने बिना समय गंवाए सम्मेलन स्थल, आसपास के खेतों और गांव की गलियों में सघन सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस की सक्रियता का ही परिणाम रहा कि लगातार प्रयासों के बाद मात्र एक घंटे के भीतर ही बालिका को गांव के पास से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। अपनी मासूम लाडली को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया। इस सफल कार्यप्रणाली में थाना प्रभारी मनोज कुमार मेहरा के साथ उनकी पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**बड़ी सफलता** — 1 .50 लाख का डोडाचूरा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

# राजस्थान की सीमा पर दबोचा अंतर्राज्यीय तस्कर

नवभारत न्यूज

**गुना। अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। फतेहगढ़ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतर्राज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 1.50 लाख रुपये मूल्य का डोडाचूरा और तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई है। घटना 28 अप्रैल 2026 की शाम की है।**



पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में फतेहगढ़ पुलिस की टीम सेनबोर्ड-छबड़ा रोड पर ग्राम पाखार के मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान राजस्थान के छबड़ा की ओर से एक काले रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस को सामने देख उसने घबराकर मोटरसाइकिल वापस मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम जगतार सिंह (32) निवासी ग्राम पथरिया, फतेहगढ़ बताया। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली, तो उसमें 15.220 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मिला। पुलिस ने 1.50 लाख रुपये का नशा और करीब 70 हजार रुपये की मोटर साइकिल सहित कुल 2.20 लाख रुपये का मशरुका जब्त किया है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज**

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि तस्कर यह नशा कहाँ से लाया था और क्षेत्र में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी।

## इसरो का भ्रमण कर लौटे झागर स्कूल के शिक्षक अवस्थी का सम्मान

**गुना।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झागर में पदस्थ शिक्षक अवधेश अवस्थी ने इसरो केंद्रों की शैक्षणिक 'विज्ञान मंथन यात्रा 202-26' से लौटकर अपने अनुभव साझा किए। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चयनित 27 शिक्षकों में गुना जिले से अवस्थी एकमात्र शिक्षक रहे, जिन्होंने 377 विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल में मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। 21 से 27 अप्रैल तक चली इस सात दिवसीय यात्रा के दौरान दल ने बेंगलुरु, चेन्नई और श्रीहरिकोटा का भ्रमण किया। बेंगलुरु में उपग्रह निर्माण और डीप स्पेस नेटवर्क की अत्याधुनिक तकनीक को समझा, तो चेन्नई के बिरला तारामंडल में खगोल विज्ञान के रहस्यों को जाना। यात्रा का मुख्य आकर्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र रहा, जहाँ विद्यार्थियों ने रॉकेट लॉन्च पैड और प्रक्षेपण की तकनीकी बारीकियों को प्रत्यक्ष देखा। अवस्थी के अनुसार, यह यात्रा किताबी ज्ञान से परे वास्तविक विज्ञान को समझने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र भार्गव एवं स्टाफ ने अवस्थी का विद्यालय आगमन पर सम्मान किया। जिले से एक शिक्षक और 5 विद्यार्थियों का इस प्रतिष्ठित यात्रा के लिए चुना जाना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की दिशा में प्रेरित करना रहा।

